निजी बस हाइवे पर लगे बोर्ड से टकराकर पलटी, 22 जने घायल

स्वरूपगंज, (निसं)। सिरोही जिले में स्वरूपगंज के फोर लाइन हाइवे पर मंगलवार को नई धनारी के पास पूना से जोधपुर की ओर जा रही निजी ट्रेवल्स की बस असंतुलित होकर हाइवे पर लगे बोर्ड के पिलर से जोरदार टकराकर पलटी खा गई। पलटी खाते ही बस में बैठी सवारियों में हाहाकार मच गया। आसपास के लोग दौ?कर पहुंचे व सभी घायलों व यात्रियों को बाहर निकाला। हादसे में 22 जने घायल हो गए। छह घायलों की हालत गंभीर होने पर आगे रैफर किया।

सिरोही जिले में स्वरूपगंज के फोर लाइन हाइवे पर नई धनारी के पास पूना से जोधपुर की ओर जा रही निजी ट्रेवल्स की बस पलट गई। फोटो-राष्ट्रदूत

प्राप्त जानकारी के अनुसार नई धनारी हाइवे पर पूना से जोधपुर जा रही एक निजी ट्रेवल्स की बस असन्तुलित होकर हाइवे पर लगे बड़े बोर्ड के पिलर से जोरदार टकराकर खाई में पलटी खा गई। हादसे के बाद बस में अफरा तफरी व हाहाकार मच गया। आसपास के लोग दौड़कर मौके पर पहुंचे व घायलों को बाहर निकाला।

सूचना मिलते ही स्वरूपगंज थाना प्रभारी हरिसिंह राजपुरोहित मय जाब्ता मौके पर पहुंचे व मौके पर एम्बुलेंस को बुलाया। हाइवे सहित 108 की पांच से ज्यादा एम्बुलेंस मौके पर पहुंची। सभी घायलों को एम्बुलेंस से स्वरूपगंज अस्पताल लाया गया। सभी घायलों का चिकित्सा प्रभारी रामलाल मय स्टाफ ने उपचार किया। हाइवे पर बस पलटने की सूचना पर वहां पर लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई।

सूचना मिलते ही पिण्डवाड़ा तहसीलदार मादाराम मीणा, नायब तहसीलदार नारायणलाल, पिण्डवाड़ा डीएसपी जेठूसिंह करनोत, आरआई चुन्नीलाल, पटवारी अकाराम बंजारा, कालूराम मौके पर पहुंचे। वही पुलिस टीम ने घायलों के अलावा अन्य यात्रियों को बाहर निकाला व बस में बिखरे सामान को निकालकर यात्रियों को सुपुर्द किया। वही हादसे में घायलों में से छह की हालत गंभीर होने पर उपचार के लिए आगे रैफर किया।

नई धनारी के पास बस पलटने से बस में सवार निताई पुत्र ओमप्रकाश निवासी बंगाली कॉलोनी जोधपुर, ओमप्रकाश पुत्र रामचरण निवासी मुंबई, मानवेन्द्र पुत्र नरपतसिंह निवासी मुंबई, कलीम सिद्दकी पुत्र अब्दुल कलाम नाला सोपारा, शुभम पुत्र प्रेमचंद निवासी बीकानेर, राजेश कुमार पुत्र जेठमल निवासी खिमेल रानी, अशोक कुमार पुत्र लादूराम निवासी लोहावट जोधपुर, वीरम पुत्र धोकलराम निवासी लूणी, अंशी देवी कपूराराम निवासी सायला, भरत पुत्र लाडुराम निवासी बेकरिया, रमेश पुत्र गोविंद निवासी रानी, जितेंद्रसिंह पुत्र नरपतसिंह निवासी फालना, बस का ड्राइवर जगदीश पुत्र खियाराम सेन निवासी जोधपुर, परिचालक महेंद्र पुत्र मांगीलाल भाट निवासी जोधपुर, वसीम पुत्र हुसैन भाई निवासी जोधपुर, संजय चौधरी पुत्र रगजी भाई निवासी पालनपुर, याकूब, भंवरलाल, मंजूर, मुकेश, पांडेय व अजय घायल हो गए।

पूना से जोधपुर की ओर जा रही बस हाइवे पर आसंतुलित होकर हाइवे पर लगे दिशा सूचक बोर्ड को तो?ती हुई बड़े बोर्ड के पिलर से टकरा गई। बस में बैठे जोधपुर निवासी कानाराम ने बताया कि वह बोरीवली से रात को बस में बैठे थे।

सुबह बस अहमदाबाद से रवाना हुई तो चालक बस को तेजगति से चला रहा था। बस यहां पर जोरदार टकराने के बाद आवाज हुई व बस पलटी खा गई। भगवान का शुक्र है कि वह बाल बाल बच गया।

नई धनारी हाइवे पर बस पलटने के बाद वहां पर हाहाकार मच गई। लोगों व पुलिस ने मिलकर सभी यात्रियों को बाहर निकाला। वही बस में यात्रियों के सामान बिखर गए जिन्हें बाहर निकाला। घायल यात्रियों के सामान को सुरक्षित रखा। बिना घायल को गन्तव्य के लिए दूसरी बसों से रवाना किया। वहीं अस्पताल में चिकित्सा प्रभारी रामलाल, अस्पताल स्टाफ व समाजसेवी गोरधन मोहरेशा सहित कई लोगों ने घायलों की उपचार में मदद की।

न्यायिक कर्मचारियों में रोष

जालोर में न्यायिक कर्मचारियों ने रैली निकालकर विरोध प्रकट किया। फोटो-राष्ट्रदूत

जालोर,(कासं)। जयपुर में न्यायाधीश के आवास पर सहायक कर्मचारी की संदिग्ध मौत के मामले को लेकर प्रांतीय महासभा के आव्हान पर न्यायिक कर्मचारी संघ जालोर के कर्मचारी सातवे दिन मंगलवार को भी सामूहिक अवकाश पर रहे। मंगलवार को भी कर्मचारियों ने कार्य नहीं किया और न्यायालय परिसर में सामूहिक अवकाश के साथ धरने पर बैठे रहे।

अध्यक्ष व उपाध्यक्ष के आव्हान पर मंगलवार को रैली न्यायालय परिसर जालोर से रवाना होकर, अस्पताल चौराहा होकर, कलेक्ट्रेट परिसर से होते हुए पुनः न्यायालय परिसर में आकर विसर्जित हुई। रैली में कर्मचारी मांगे पूरी करों, कर्मचारी एकता जिंदाबाद, सुभाष मेहरा को न्याय दो आदि नारे लगाते हुए चल रहे थे। न्यायिक कर्मचारी संघ जालोर के अध्यक्ष जैसाराम ने बताया कि जयपुर में एक विशिष्ट न्यायाधीश के आवास पर सहायक न्यायिक कर्मचारी सुभाष मेहरा की मौत के मामले में विभिन्न मांगों को लेकर जालोर में भी विभिन्न न्यायालयों एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कर्मचारा सातवे दिन मंगलवार को भी सामूहिक अवकाश पर रहे एवं न्यायालय परिसर में धरना दिया। सामूहिक अवकाश पर जैसाराम व मदनलाल राजपुरोहित सचिव, विश्वेश वशिष्ठ, जितेन्द्र परमार, भूपेश व्यास, मिश्रीमल परिहार, धनराज खत्री, मुरारीलाल अवस्थी, सुखराज घांची, ईश्वरलाल सोलंकी, अरविन्द कुमार दवे, अशोक शर्मा, धीरज चौधरी, मनीष व्यास, दिनेश जांगिड, हंजारीमल, ताहिर हुसैन, थानाराम मीणा, वीणा मीणा, ममता गेहलोत, नगाराम, वेनाराम, असलमखां, नाहिदअली, मुकद्दरअली, अल्ताफ खां, दीपक शर्मा, राजकुमार, सुरेश कुमार, हंजाराम, फुटरमल, शाहनवाज खां, इंसाफअली, विक्रमसिंह, अंतरा देवी चालक नासिरअली, अशोक कुमार, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के प्रकाश गहलोत, कैलाश कुमार, प्रवीण कुमार, निखिल व्यास, न्यायालय के सवार भैरूसिंह, आजादअली, इमरानअली, कन्हैयालाल, भंवरलाल, परवेजअली, सलमान, राहुल कल्ला, कैराम, सहित सभी कर्मचारी मौजूद रहे।

दतात्रेय भगवान की जयंती पर शोभायात्रा निकाली

गोस्वामी सेवा समिति जालोर के तत्वावधान में दतात्रेय भगवान की जयंती पर शोभायात्रा निकाली। फोटो-राष्ट्रदूत

जालोर, (कासं)। गोस्वामी सेवा समिति जालोर के तत्वावधान में मंगलवार को दतात्रेय भगवान की जयन्ती के उपलक्ष्य में शोभायात्रा का आयोजन किया गया।

गोस्वामी सेवा समिति जालोर के जितेशपुरी गोस्वामी ने बताया कि गोस्वामी सेवा समिति, जालोर के तत्वावधान में दतात्रेय भगवान की जयन्ती के उपलक्ष्य में शोभायात्रा का आयोजन किया गया। शोभायात्रा का प्रारम्भ अखाडे से किया गया, शोभायात्रा को धुणिया मठ के महन्त सोमपुरी ने भगवा ध्वज दिखाकर रवाना किया, जो शोभायात्रा अखाड़े से होकर, हरिदेव जोशी सर्किल, पंचायत समिति, बडी पोल होते हुए आसन की पोल में विसर्जित की गई। शोभायात्रा में साधु-संतो सहित गोस्वामी समाज के कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। जिन्होने भगवान दतात्रेय की जयकारो का घोष किया। जिससे माहौल पुरा भगवामय हो गया। इसी कडी में मंगलवार को रात्रि में भजन संध्या का आयोजन भी किया गया, जिसमें गोस्वामी समाज के कई भजन कलाकारो ने अपनी प्रस्तुति दी।

इस मौके पर गोस्वामी सेवा समिति जालोर के अध्यक्ष छगनपुरी, कैलाशपुरी, गुलाबपुरी दिनेश पुरी, मुकेश भारती, अर्जुनपुरी पुरी धननाथ खीमनाथ एडवोकेट प्रवीणनाथ मुडी, मदनपुरी नवी, राणपुरी, भीखपुरी बोकडा, मुकेशपुरी बोकडा ओमपुरी तडा किशनपुरी रमेशनाथ उम्मेदाबाद श्रदपुरी विक्रम भारती, सहित समाज के कई लोग व साधु-संत उपस्थित थे।

संविधान बचाने की मांग

बाड़मेर, (निसं)। अम्बेडकर परिनिर्वाण दिवस पर संविधान बचाने की मांग को लेकर नवलकिशोर लीलावत ने अन्न जल त्याग, अपना मुंडन करा सार्वजनिक पुस्तकालय भवन के सामने अनिश्चित कालीन धरना भूख हड़ताल शुरू की।

प्राप्त जानकारी के अनुसार एडवोकेट नवलकिशोर लीलावत ने अपने माथे के बालों का मुंडन करा माथे के बाल तथा ज्ञापन प्रशासन तथा न्यायिक अधिकारियों को भेजकर संविधान को बचाने की मांग कर ज्ञापन में बताया कि आज संविधान खतरे में है जिसे बचाया जाना आवश्यक है।

ज्ञापन को मुख्य न्यायाधीश, राजस्थान उच्च न्यायालय जोधपुर को भेजकर बताया कि बाड़मेर अधिवक्ता संघ के पूर्व अध्यक्ष ने अपनी मनमर्जी चला संविधान विरुद्ध सार्वजनिक पुस्तकालय भवन पर अपने चहेतों को रात्रि में कब्जे करा दिये तथा मेरे साथ भेदभाव किया गया जिसकी सुनवाई प्रशासन इनके दबाव में नहीं कर रहा है। सार्वजनिक पुस्तकालय भवन पर पिता, पुत्र ,भाई ,साला, बहनोई तथा वकालत नही करनेवाले अधिवक्ताओं को नियम विरुद्ध कबजे करा दिये जिन कक्षो को खाली करा सार्वजनिक उपयोग के लिए सबको समानता से बैठने की अनुमति दिलाने की मांग को लेकर धरना भुख हड़ताल शुरू की गई है।

एडवोकेट लीलावत ने संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर प्रशासन को सदबुद्धि देने की मांग की।

जालोर में जिला स्तरीय क्रॉस कंट्री दौड़ संपन्न

जिला एथलेटिक्स संघ जालोर की ओर से स्टेडियम मैदान में क्रॉस कंट्री दौड़ हुई। फोटो-राष्ट्रदूत

जालोर, (कासं)। जिला एथलेटिक्स संघ जालोर की ओर से मंगलवार को स्टेडियम मैदान में जिला स्तरीय क्रॉस कंट्री दौड़ प्रतियोगिता आयोजित हुई।

प्रतियोगिता भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष गजेंद्रसिंह, मुक्केबाजी संघ राजस्थान के पूर्व प्रदेश सचिव दलपत सिंह आर्य व पार्षद हीराराम देवासी के निर्देशन में आयोजित हुई। इस अवसर पर खिलाड़ियों को सम्बोधित करते हुए गजेन्द्रसिंह ने कहा कि एथलेटिक्स में खिलाड़ियों का सुनहरा भविष्य है।आप न केवल इस जिला प्रतियोगिता बल्कि राज्य प्रतियोगिता में भी गोल्ड जीतकर जिले का नाम रोशन करो।

जिला एथलेटिक्स संघ के सचिव कन्हैयालाल मिश्रा व अध्यक्ष भरत मेघवाल ने क्रॉस कंट्री दौड़ प्रतियोगिता के परिणाम की जानकारी देते हुए बताया कि सीनियर वर्ग की दस किलोमीटर दौड़ में हितेश कुमार व वि म कुमार ने क्रमशः प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वहीं 20 वर्ष आयुवर्ग की आठ किलोमीटर दौड़ में वैरसिराम, लक्ष्मनपुरी, प्रितम, डामराराम ने क्रमशः प्रथम चार स्थान प्राप्त करते हुए राज्य स्तर के लिए मानदण्ड पूरा किया। अठारह वर्ष आयुवर्ग में अरविंद व बालिकाओं में भगवती का चयन राज्य स्तर हेतु किया गया।

ये सभी खिलाड़ी 17 व 18 दिसम्बर को भरतपुर में आयोजित होने वाली राजस्थान राज्य क्रॉस कंट्री दौड़ प्रतियोगिता में जिले की टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे। क्रॉस कंट्री दौड़ प्रतियोगिता के निर्णायक चिंकु, कैलाशचंद्र, विजयपालसिंह व राष्ट्रीय खिलाड़ी सुनीता चौधरी थी।

अंबेडकर की पुण्यतिथि मनाई

पोकरण, (निसं)। भारतीय संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर की 67 वीं पुण्यतिथि पर मंगलवार को पुलिस उपअधीक्षक अमरजीत सिंह चावला ने कहा कि बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर ने हमको शिक्षित होने की बात कही, इसलिए हमको शिक्षित होना पडेगा। वे दलित अधिकार अभियान पोकरण की ओर से आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम में बतौर अतिथि के रुप में बोल रहे थे।

तहसीलदार पोकरण रणछोडलाल मेघवाल ने बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर जी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि आज का युग शिक्षा का युग है इसलिए हमको उच्च शिक्षा हासिल करनी चाहिए। उच्च शिक्षा हासिल कर हमको हर क्षेत्र में अपना परचम लहराना चाहिए। संविधान सभी को बराबर अधिकार देता है। संविधान में सभी को अपने हिसाब से अपने धर्म को मानने का भी अधिकार दिया गया है। इस अवसर पर बोलते हुए सामाजिक कार्यकर्ता घेवरराम गर्ग ने बताया कि बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर इस युग के महामानव हैं। उनके जीवन से हमको प्रेरणा लेनी चाहिए। उन्होंने कहा कि हम आज बाबा साहेब के बताए हुए रास्ते पर नहीं चल रहें हैं। इस अवसर पर बाबूराम बारुपाल, कैलाश नागोरा, रहुफ खां मेहर सरपंच, अशोक कुमार मेघवाल तहसीलदार नोख, मनोहर जोशी ने भी इस अवसर पर अपने उद्बोधन दिया। दलित अधिकार अभियान पोकरण के अध्यक्ष शेराराम पूनड ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया।

जनता क्लिनिक के माध्यम से मिलेंगी बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं : पुखराज पाराशर

जालोर, (कासं)। जन अभियोग निराकरण समिति के अध्यक्ष पुखराज पाराशर ने कहा कि जनता क्लीनिक के माध्यम से आस-पास के क्षेत्रों में निवास कर रहे लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध हो सकेंगी। जन अभियोग निराकरण समिति के अध्यक्ष ने राज्य सरकार की बजट घोषणा की अनुपालना में मंगलवार को गणेश नगर वाडिया गोडीजी में जनता क्लीनिक का शुभारंभ किया।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यह क्लीनिक मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के स्वास्थ्य और निरोगी राजस्थान के संकल्प अभियान का हिस्सा हैं। जनता क्लीनिक के माध्यम से जालोर शहर एवं आस पास के क्षेत्रों के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध होगी। उन्होंने कहा कि जनता क्लीनिक में आमजन के लिए ओपीडी सेवाएँ, मुख्यमंत्री निःशुल्क जांच योजना व मुख्यमंत्री निःशुल्क दवा योजना के तहत निःशुल्क दवा व जांच, आरसीएच के तहत सुविधाएँ व गैर संचारी रोगों की स्क्रीनिंग आदि सेवाएँ उपलब्ध रहेगी।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना के तहत दस लाख रूपये का स्वास्थ्य बीमा उपलब्ध करवाया जा रहा है। जिससे बीमित परिवार को निःशुल्क स्वास्थ्य सुविधाएँ मिल सकेगी। उन्होंने मुख्यमंत्री स्वास्थ्य बीमा योजना के तहत अधिक से अधिक पंजीकरण करवाने के लिए आग्रह किया। जिला कलैक्टर निशांत जैन ने कहा कि जनता क्लीनिक के प्रारंभ होने से अब स्थानीय लोगों को उपचार के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा एवं सभी स्वास्थ्य सुविधाएँ जनता क्लीनिक में उपलब्ध हो जायेगी।

जालोर के वाडिया गोडीजी में जनता क्लीनिक का उद्घाटन जन अभियोग निराकरण समिति के अध्यक्ष पुखराज पाराशर ने किया। फोटो-राष्ट्रदूत

जिला पुलिस अधीक्षक हर्षवर्धन अग्रवाला ने जनता क्लीनिक की संकल्पना को आमजन के लिए उपयोगी बताते हुए कहा कि इसके माध्यम से अपनी घर के नजदीक ही स्वास्थ्य सुविधाएँ उपलब्ध हो पायेगी।

पूर्व विधायक रामलाल मेघवाल व पूर्व जिला प्रमुख मंजू मेघवाल ने अपने उद्बोधन में दुरूस्थ क्षेत्रों के लोगों के लिए जनता क्लीनिक की अवधारणा को प्रशंसनीय बताया।

जालोर बीसीएमओ डॉ. भजनलाल विश्नोई ने जनता क्लीनिक के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि इस जनता क्लीनिक से वार्ड नं 1 से 5 तक की प्रमुख बस्तियों जैसे गणेश नगर, वाडिया, रामपुरा कॉलोनी, श्रीराम कॉलोनी, गोडिजी बस्ती, जीनगरों की बस्ती, मेघवालों का चौहटा, बंजारों की बस्ती, बाबू खां की ढाणी व केजीएन कॉलोनी के निवासियों को निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध होगी। इसके अलावा इस क्षेत्र में स्थित ग्रेनाइट से जुड़े कामगारों को अपने कार्यस्थल के नजदीकी निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध होगी।

समारोह से पूर्व जन अभियोग निराकरण समिति के अध्यक्ष पुखराज पाराशर ने जनता क्लीनिक का फीट काटकर शुभारम्भ किया तथा जनता क्लीनिक में स्वास्थ्य सेवाओं का अवलोकन किया।

इस अवसर जिला पुलिस अधीक्षक हर्षवर्धन अग्रवाला, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी संजय कुमार वासु, जुल्फीकार अली भुट्टो, प्रतिपक्ष नेता कालूराम, नगर परिषद पार्षद चंद्रावती, बसंत सुथार, लक्ष्मणसिंह सांखला व दिनेश कुमार सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी व क्षेत्रवासी मौजूद थे ।

नवनिर्मित स्केटिंग रिंग का लोकार्पण

जन अभियोग निराकरण समिति के अध्यक्ष पुखराज पाराशर ने मंगलवार को शाह पूंजाजी गेनाजी स्टेडियम जालोर में नवनिर्मित स्केटिंग रिंग का लोकार्पण किया।

नवनिर्मित स्केटिंग रिंग के लोकार्पण अवसर पर जन अभियोग निराकरण समिति के अध्यक्ष पुखराज पाराशर ने कहा कि स्केटिंग रिंग के माध्यम से राष्ट्रीय एवं राज्य स्तर पर होने वाले स्केटिंग टूर्नामेंट में जिले का प्रतिनिधित्व बढ़ेगा। साथ ही इससे नवीन प्रतिभाओं को आगे आने के अवसर प्राप्त हो सकेंगे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा खेलों को बढ़ावा देने के लिए राजीव गांधी ग्रामीण ओलम्पिक खेलों का आयोजन राज्यभर में किया गया जिससे ग्रामीण प्रतिभाओं को प्रोत्साहन मिला। साथ ही स्वस्थ खेल भावना, सौहार्द व भाईचारे की भावना बढ़ी। उन्होंने कहा कि आगामी दिनों में राज्य सरकार द्वारा राजीव गाँधी शहरी ओलिंपिक खेलों का आयोजन किया जायेगा। जिसमें आयोजित होने वाली विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में जिले के शहरी क्षेत्रों के खिलाडी भाग ले सकेंगे। इन खेलों से खिलाड़ियों में आपसी सामंजस्य, भाईचारा, अनुशासन, प्रतिस्पर्धा व खेल की भावना विकसित हो सकेगी। जिला कलक्टर निशांत जैन ने कहा कि जिला प्रशासन शाह पूंजाजी गेनाजी स्टेडियम में आधुनिक रूप से खेल सुविधाओं के लिए विकास एवं विस्तार के लिए निरंतर प्रयासरत है जिससे विभिन्न खेलों के क्षेत्र में प्रतिभाओं को आगे आने का मौका मिल सकेगा।

गौरतलब है कि 'मुख्यमंत्री जिला नवचार निधि' के अंतर्गत स्टेडियम परिसर में 16.70 लाख की लागत से 170 गुना 70 फीट स्केटिंग रिंग का निर्माण किया गया है।

समारोह में जिला पुलिस अधीक्षक हर्षवर्धन अग्रवाला, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी संजय कुमार वासु, पूर्व जिला प्रमुख मंजू मेघवाल, जुल्फीकार अली भुट्टो, जिला खेल अधिकारी प्रेमसिंह भाटी, राजस्थान स्केटिंग संघ के सदस्य योगेन्द्र खत्री, स्टेडियम प्रशिक्षण केन्द्र के प्रभारी रतनसिंह मण्डलावत सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

भाजपा की आक्रोश यात्रा जारी

दादाल में भाजपा विधायक श्रवणसिंह राव ने कार्यकर्ताओं को सम्बोधित किया। फोटो-राष्ट्रदूत

जालोर, (कासं)। भाजपा जालोर की जन आक्रोश यात्रा चौथे दिन मंगलवार को भी जारी रही। जिले के पांचों विधानसभाओं में यात्रा के माध्यम से कांग्रेस सरकार की नाकामियों के प्रति जन जागृति कर जनता की समस्याओं को सुनने एवं समाधान करने का विशेष प्रयास किया जा रहा हैं।

जालोर विधानसभा की जन आक्रोश आंदोलन का शुभारंभ भाजपा जिलाध्यक्ष श्रवणसिंह राव बोरली मुख्य वक्ता के रूप में, आहोर से पूर्व विधायक शंकरसिंह राजपुरोहित, जालोर विधायक जोगेश्वर गर्ग, विधानसभा संयोजक पुखराज राजपुरोहित, कमलेश दवे एवम समस्त मंडल अध्यक्ष, जनप्रतिनिधि, पदाधिकारियों की उपस्थिति में श्री शिवानंद मठ दादाल से झंडी दिखा कर रवाना किया गया। जन आक्रोश यात्रा के जालोर विधानसभा में शिवानंदजी मठ दादाल से रथ के लॉन्चिंग पर भाजपा जिलाध्यक्ष श्रवणसिंह राव बोरली ने बताया कि प्रदेश सरकार के चार साल में राजस्थान में अपराधिकरण में भारी बढ़ोतरी हुई हैं, जो प्रदेश के लिए अपमानजनक बात है। महिला अत्याचार, भ्रष्टाचार, हत्याएं, लूटपाट सहित दंगों से आए दिन आम नागरिकों की मृत्यु हो रही हैं। जनता में सरकार और प्रशासन के प्रति अविश्वास और अपराधियों के प्रति भय बना हुआ हैं।

जालोर विधायक जोगेश्वर गर्ग ने कहा कि राजस्थान में कांग्रेस सरकार की विफल नीतियों के कारण लंपी बीमारी के कारण राजस्थान में करीब 12.50 लाख गाय माता प्रभावित हुई एवं जान गई है। मुख्य वक्ता के रूप में आहोर पूर्व विधायक शंकरसिंह राजपुरोहित ने बताया कि राजस्थान लगातार तीन वर्ष से बलात्कार के मामले में प्रथम है एवं महिला संबंधित अपराधों में देश में द्वितीय है। विधानसभा प्रभारी कमलेश दवे, वरिष्ठ भाजपा नेता मंगलसिंह सिराणा, एसटी मोर्चा जिलाध्यक्ष रमेश कुमार राणा ने भी सम्बोधित किया।

विधानसभा मीडिया संयोजक सुरेश राजपुरोहित ने बताया कि जन आक्रोश यात्रा जालोर जिले के प्रत्येक ग्राम पंचायत पर पहुंचेगी, जहां प्रत्येक ग्राम पंचायत पर स्वागत, चौपाल, युवा चौपाल आयोजित करके राजस्थान की नकारा कांग्रेस सरकार की नाकामियों से लोगों को अवगत करवाया जायेगा। जिला मीडिया प्रभारी भावेश सोनी ने बताया कि जन आक्रोश रथ यात्रा जिले के सभी ग्राम पंचायतों पर चौपाल आयोजित करके कांग्रेस सरकार के चार साल की नाकामियों को जनता के सामने ला रहा है। जन आक्रोश यात्रा के लिए प्रत्येक विधानसभा एवं मंडल स्तर की कमेटिया इस यात्रा में लगे हुए है।

यात्रा दादाल से शुरू होकर तिलोडा, हरमू, सुराणा, रोहिनवाडा, देता, पुनराऊ व कोमता आदि गांवो में पहुंची। इस दौरान सायला प्रधान ढोमीदेवी राजपुरोहित, भाजयुमो जिलाध्यक्ष गजेन्द्रसिंह सिसोदिया, हरिश राणावत, अल्पसंख्यक मोर्चा जिलाध्यक्ष मेहबूब खां, जिला मंत्री पवनी मेघवाल, चंद्रकांत सुंदेशा, सायला मंडल अध्यक्ष नैनमल लखारा, पोषाणा मंडल अध्यक्ष उदयसिंह दादाल, जीवाणा मंडल अध्यक्ष तुलसाराम चौधरी, कालूसिंह राजपुरोहित, किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष पहाड़सिंह राव बोरली, भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष अशोकसिह सेरणा, जिलामंत्री सुरेश वैष्णव, रगुनाथसिंह राजपुरोहित, भारताराम चौधरी, रमेश गर्ग, राजेंद्रसिंह तालियाना, शंकर भादरु, भवानीसिंह देता समेत भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।